# सेंट उर्सुला गर्ल्स हायस्कूल अण्ड जुनिअर कॉलेज, नागपूर

द्वितीय सत्र परीक्षा 2019–20

विषय – हिंदी

समय – 2.30 घंटे　　　　वर्ग – **VIII (A,B,C,D,E,F,G,H)**　　　　गुण – 50

---

**प्र. 1 अ) निम्नलिखित परिच्छेद पढकर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए:**


'बकवास मत करो ! दिन भर सड़कों पर मटरगश्ती करते फिरते हो, अपने कपड़े खुद नहीं धो सकते ?'

'हूँऽऽ !' मैं गुन्नाता हुआ ढीठ-सा अंदर आ जाता हूँ। मन तो करता है कि उनपर जवाबों के तीर चलाऊँ पर जानता हूँ-परिणाम वही होगा, उनका दहाड़ना-गरजना, मेरा कई-कई घंटों के लिए घर से गायब हो जाना और हफ्तों हम पिता-पुत्र का एक-दूसरे की नजरों से बचना, सामना पड़ने पर मेरा ढिठाई से गुजर जाना, माँ का रोना-धोना और पूर्व कर्मों को दोष देते हुए लगातार बिसूरते चले जाना।

ठीक-ठीक याद नहीं आता कि यह सिलसिला कब से और कैसे शुरू हुआ। मैंने तो अपने आपको जब से जाना, ऐसा ही विद्रोही, उद्दंड और ढीठ। बचपन मेरे लिए बिलकुल एक शहद के प्याले जैसा ही था जिसे होंठों से लगाते-लगाते ही पिता की महत्त्वाकांक्षा का जहर उस प्याले में घुल गया था।

अभी भी वह दिन याद आता है, जब माँ ने बाल सँवारे, किताबों का नया बैग मेरे कंधों पर लटका, मुझे पिता जी के साथ साइकिल पर बिठाकर स्कूल भेजा था। पिता जी तमाम दौड़-धूप कर मुझे कॉन्वेंट में दाखिल करा पाने में सफल हो गए थे।

**कृति 1. संजाल पूर्ण करीए:** (2)




**कृति 2. परिच्छेद से ऐसा प्रश्न तैयार करो. जिसका उत्तर निम्नलिखित शब्द हो** (1)

साइकिल

**2) विधानो के सामने सत्य/असत्य लिखिए:** (1)

बचपन लेखक के लिए बिलकुल एक शहद के प्याले जैसा था।

**कृति 3. 1) परिच्छेद मे प्रयुक्त विशेषण ढूँढकर लिखिए: कोई 2** (1)

1) ————— 2) —————

**2) परिच्छेद मे प्रयुक्त शब्द युग्म लिखिए: कोई 2** (1)

जैसे पिता – पुत्र 1) ———— 2) —————

**कृति 4. स्वमत अभिव्यक्ति** (2)


बच्चो के स्कूल मे दाखिले के लिए माता–पिता की दौड – धूप विषय पर अपने विचार लिखिए।

**प्र. 1 ला आ) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियॉ कीजिएः**

प्रांतीय सम्मेलन कांग्रेस की ही देन है, जो उसके आदेशों का पालन करता है। इस प्रस्ताव को लागू कराने हेतु कार्य करने के लिए हम कृतसंकल्प हैं, चाहे ऐसे प्रयास हमें मरुभूमि में ही ले जाएँ, चाहे हमें अज्ञातवास में रहना पड़े, चाहे हमें कितने ही कष्ट उठाने पड़ें या अंत में चाहे जान ही गँवानी पड़े। श्रीरामचंद्र ने ऐसा किया था। उस प्रस्ताव को केवल तालियाँ बजाकर पास न कराएँ, बल्कि इस प्रतिज्ञा के साथ कराएँ कि आप उसके लिए काम करेंगे। हम सभी संभव संवैधानिक और विधिसम्मत तरीकों से स्वशासन की प्राप्ति के लिए कार्य करेंगे।

जॉर्ज ने खुलकर स्वीकार किया है कि भारत के सहयोग के बिना इंग्लैंड अब चल नहीं सकता है। पाँच हजार वर्ष पुराने एक राष्ट्र के बारे में सारी धारणाएँ बदलनी होंगी। फ्रांसीसी रणभूमि में भारतीय सैनिकों ने ब्रिटिश सैनिकों की जान बचाकर अपनी बहादुरी का परिचय दिया है। हमें उन्हें बता देना चाहिए कि हम तीस करोड़ भारतीय साम्राज्य के लिए अपनी जान भी देने को तैयार हैं।

**कृति 1 संजाल पूर्ण कीजिएः** **(2)**




**कृति 2. 1) वाक्य पूर्ण कीजिए** **(1)**

हम सभी संवैधानिक और विधिसम्मत तरीको से ————————

2) निम्नलिखित विधान को सही करके लिखिएः (1)

प्रांतीय सम्मेलन अंग्रेजो की देन है।

**कृति 3. 1) निम्नलिखित शब्दो के विलोम शब्द लिखिएः कोई 2** **(1)**

1) संभव X
2) सहयोग X
3) पालन X

**2) परिच्छेद मे प्रयुक्त भाववाचक संज्ञा ढूँढकर लिखिएः (कोई 2)** **(1)**

जैसे बहादुरी 1) ——————— 2) ————————

**कृति 4 स्वमत अभिव्यक्तीः** **(2)**

प्रथम विश्व युद्ध मे भारतीय सैनिको की वरिता विषयपर अपने विचार लिखिए

पदय

निम्नलिखित पदयांश पढ़कर सूचनाओ के अनुसार कृतियॉ कीजिए

धरती का आँगन महके कर्मज्ञान-विज्ञान से ।
ऐसी सरिता करो प्रवाहित खिले खेत सब धान से ।।

अभिलाषाएँ नित मुसकाएँ आशाओं की छाँह में,
पैरों की गति बँधी हुई हो विश्वासों की राह में ।

शिल्पकला-कुमुदों की माला वक्षस्थल का हार हो,
फूल-फलों से हरी-भरी इस धरती का शृंगार हो ।

**1) कृति पूर्ण कीजिए** **(1)**

[ ] — धरती का ऑगन इनसे महके — [ ]

2) धरती का श्रृगांर इनसे होगा (1)

[ ] [ ]

कृति 2 लय संगीत निर्माण करने वाली दो शब्द जोडियॉ लिखिए। (कोई 2) (1)
1) ——————— 2) ———————

**2) निम्नलिखित शब्दो के वचन बदलकर लिखिएः** **(1)**
शलाकाएँ –
पैमाना –

**कृति 3 भावार्थ स्वमत अभिव्यक्ति** **(2)**
पदयांश की आरंभ वाली चार पंक्तियों का भावार्थ लिखिए।

**प्र. 2 रा आ निम्नलिखित पदयांश पढ़कर सूचनाओ के आधार पर कृतिया कीजिएः**

प्रसव वेदना सह जब जननी
हृदय स्वप्न निज मूर्त बनाकर
स्तन्यदान दे उसे पालती,
पग-पग नव शिशु पर न्योछावर
नहीं प्रार्थना इससे सुंदर !

शीत-ताप में जूझ प्रकृति से
बहा स्वेद, भू-रज कर उर्वर,
शस्य श्यामला बना धरा को
जब भंडार कृषक देते भर
नहीं प्रार्थना इससे शुभकर !

**कृति 1) कृति कीजिए** **(1)**

**कृति 1**

[ ]

धरती को उपजाऊ बनानेवाला | अनाज के भंडारो को भरनेवाला

**2) परिच्छेद मे इस अर्थ मे आए शब्द लिखिए कोई दो** **(1)**

जैसे साकार – मूर्त 1) पीडा – 2) पसीना –

**कृति 2 1) पदयांश मे प्रयुक्त दो शब्द – युग्म लिखिए:** **(1)**

1) ––––––––– 2) ––––––––

**2) पदयांश मे निम्नलिखित शब्दो के पर्यायवाची शब्द लिखिए: (कोई दो)** **(1)**

1) जननी = 2) कृषक = 3) धरा =

**कृति 3 स्वमत अभिव्यक्ति** **(2)**

मनःशांति के लिए चिंतन – मनन आवश्यक है, विषय पर अपने विचार लिखिए:

**प्र. 3 रा व्याकरण और भाषा ज्ञान** **(10)**

**सूचना के अनुसार कृतियॉ कीजिए:**

**1) समानार्थी शब्द लिखिए:** **(1)**

1) नौकर 2) साहस

**2) विरूद्धार्थी शब्द लिखिए:** **(1)**

1) सुख 2) पत्नी

**3) निम्नलिखित शब्दो के लिंग पहचानकर लिखिए:** **(1)**

1) मकान 2) सड़क

**4) निर्देश के अनुसार काल परिवर्तन कीजिए:** **(1)**

1) राजीव पाठशाला जा रहा है।

**5) अर्थ के आधार पर वाक्यो के प्रकार पहचानकर लिखिए: (कोई 1)** **(1)**

1) वाह! क्या शानदार इमारत है।

2) मनुष्य किस ओर बढ़ रहा है।

**6) उपसर्ग अलग करके मूल शब्द लिखिए:** **(1)**

उपसर्ग मूल शब्द

1) 1 सुपुत्र

2) नासमझ

**6) निम्नलिखित विरामचिह्नो का नाम लिखकर उनका वाकय मे प्रयोग करो:** **(2)**

**1)** [ ? ] **2)** [ ! ]

**8) निम्नलिखित अव्ययो का वाक्य मे प्रयोग कीजिए** **(1)**

1) के सामने 2) परंतु

**9) मुहावरो का अर्थ लिखकर स्वतंत्र वाक्य मे प्रयोग कीजिए:** **(1)**


कोल्हू का बैल

उपयोजित लेखन

**प्र. 4 था 1) निम्नलिखित मे से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:** **(4)**

1) तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम
2) सड़क दुर्घटनाएँ कारण एवं उपाय'
3) निरक्षरता एक अभिशाप
4) यदि संगणक न होता

**प्रश्न 2) निम्नलिखित जानकारी के आधार पर विज्ञापन तैयार किजिए:** **(4)**




**अथवा**

निम्नलिखित मुद्दो के आधारपर कहानी लिखकर उसे उचित शीर्षक दो।

एक गॅाव –– दर्जी की दुकान –– प्रतीदिन हाथी का दुकान से होकर नदी पर नहाने जाना –– दर्जी का हाथी को केला खिलाना ––– एक दिन दर्जी को मजाक सूझना –– दर्जी द्वारा हाथी को सुई चुभाना ––– परिणाम –– शीर्षक

**प्रश्न 3 निम्नलिखित पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए:** **(4)**

शालेय बैंड पथक के लिए आवश्यक सामग्री खरीदने हेतु अपने विद्यालय के प्रधान अध्यापिका से विद्यार्थी प्रतिनिधि के नाते अनुमति मॅागते हुए पत्र लिखिए।

***